पंजाब केसरी 7/7/2022

# जी.एम.एन. कालेज में रक्तदान शिविर आज

अम्बाला छावनी, 6 जुलाई (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कालेज प्रबंधक समिति, स्टाफ, एन.एस.एस. यूनिट, यूथ रैडक्रॉस, डिस्पैंसरी, इको क्लब और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाली प्रयास संस्था सहित रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

कालेज प्राचार्य डा. राजपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल कमिश्नर आई.ए.एस रेनू फुलिया मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी और विशेष रूप से डा. जोगेंद्र (सिविल अस्पताल) शामिल होंगे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे।

कालेज प्राचार्य डा. राजपाल सिंह ने अपने 8 वर्ष के कार्यकाल के दौरान कालेज को उन्नति के शिखर पर पहुंचाया, जिसका उदाहरण नैक पुनर्मूल्यांकन में जी.एम.एन. कालेज को ++ ग्रेड की प्राप्ति हुई जो कि पूरे भारतवर्ष में केवल 34 संस्थाओं को प्राप्त है।

जी.एम.एन. कालेज हरियाणा के केवल उन 2 प्रतिष्ठित कालेजों में से एक है जिसने इस मुकाम को छुआ है और कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में पहले स्थान पर यह संस्था इस ग्रेड के अंतर्गत आती है।

कार्यक्रम के संयोजक डा. कुलदीप यादव ने बताया कि कालेज द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता है।